तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 6 फरवरी 2025



14 आनलाइन ठगी की रकम पाने किराए पर दिया खाता...



12 874 किसानों को अतिरिक्त टोकन जारी 106 का ...



## खबर संक्षेप

### नर्रा में मानसगान व्याख्यान प्रतियोगिता कल से

**बालोद।** ग्राम नर्रा में तीन दिवसीय मानसगान व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन 7 से 9 फरवरी तक किया गया है। 10 फरवरी को ग्राम में मड़ई-मेला का आयोजन किया गया है। अध्यक्ष हेमंत सार्वा, रामदयाल साहू, युवराज साहू, सुरेश साहू, डोमेन्द्र ग्वालंशी, सुंदर गंगबेर ने बताया कि इस उपलक्ष्य में रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का आयोजन किया गया है।

### गोड़ेला में मड़ई मेला 8 को

**बालोद/निकुम।** ग्राम गोड़ेला में पांरपरिक मड़ई मेला का आयोजन 8 फरवरी को किया गया है। समिति प्रमुख झग्गर साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यकम मोर मयारु संगी की प्रस्तुति रात्रि 10 बजे से होगी।

### ग्राम निकुम में मड़ई-मेला कल

**बालोद/निकुम।** ग्राम निकुम भाठापारा बाबा धाम प्रांगण में भव्य पांरपरिक मड़ई मेला का आयोजन 7 फरवरी को किया गया है। समिति प्रमुख कार्तिक साहू व सालिक साहू ने बताया कि इस अवसर पर रात्रि 10 बजे छत्तीसगढ़ी नाचा शिव भोला नाच पार्टी की मनमोहक प्रस्तुति होगी।

### जामगांव आर में श्रीमद् भागवत कथा 8 से

**जामगांव आर।** राधे राधे समिति द्वारा समस्त ग्रामवासियों के



सहयोग से जामगांव आर में 8 से 16 फरवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक आचार्य सतीश दुबे धमतरी वाले होंगे। मुकेश शुक्ला ने बताया कि पहले दिन 8 फरवरी को प्रातः 11 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी।

### प्राणघातक हमला कर फरार, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** युवक पर प्राणघातक हमला कर फरार होने वाले पांच अपचारी बालक और एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि सूर्या होटल के पास एक युवक पर अज्ञात युवकों ने मिलकर धारदार हथियार से हमला कर फरार हो गए थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबहिश देकर बाम्बे आवास उरला निवासी राहुल मानिकपूरी और पांच अपचारी बालको को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने रंजिश के कारण हमला करना स्वीकार किया। पुलिस ने चाकू और डंडा जब्त किया है।

### मुस्कान ने 28 बच्चों को परिवार से मिलाया

**भिलाई।** जिले से लापता हुए मासूम बच्चों को पुलिस ने मुस्कान अभियान के तहत खोज निकाला है। एएसपी अभिशेक झा ने बताया कि जिले से लापता हुए 28 बच्चों को उनके परिजनों से मिलाया है। जिसमें 3 बालक, 25 बालिका, राज्य स्तर पर 21, राज्य से बाहर 7 को खोज निकाला गया है। जिसमें पांच थानो में खुर्सीपार, भिलाई तीन, बोरी, छावनी, अमलेश्वर, जामुल शामिल है।

### सशक्त ऐप की मदद से चोरी के वाहन मिले

**भिलाई।** सशक्त ऐप की मदद से लगातार वाहन चोरी में आरोपी व वाहन को बरामद करने में लगातार सफलता मिल रही है। अब तक पुलिस ने 17 वाहनों को बरामद किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि सभी थाना चौकी क्षेत्र में लावारिश हालत में खड़े वाहनों, बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन, अस्पताल, अन्य पार्किंग स्थलों पर लम्बे समय से संदिग्ध पाये जाने पर वाहन का नम्बर, इंजन नम्बर एवं चेचिस नम्बर सशक्त एप में लोड करने पर वाहन का पूर्ण विवरण मिला। थाना जामुल एवं सुपेला क्षेत्र से चोरी की बाइक, स्कूटी बरामद की गई।

## सियासत : नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए भाजपा व कांग्रेस ने जारी किया घोषणा पत्र

# महिलाओं के नाम संपत्ति होने पर कर में 25 प्रतिशत की विशेष छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला भाजपा द्वारा हमारे प्रमुख वादे के नाम से 20 वादों का घोषणा पत्र नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए जारी किया गया है। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष व चुनाव संचालक यज्ञदत्त

■ भाजपा ने हमारे प्रमुख वादे के नाम से जारी किया 20 वादों का घोषणा पत्र

शर्मा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष केसी पवार, राकेश यादव, कमल पांपलिया, नगरपालिका बालोद मे भाजपा प्रत्याशी प्रतिभा चौधरी उपस्थित थे।

भाजपा द्वारा जारी घोषणा पत्र में कहा गया है कि नजूल भूमि के स्वामित्व के लिए नया कानून बनाएंगे साथ ही हम सभी पट्टाधारकों को भू स्वामी बनाएंगे। रूके हुए पीएम आवास शहरी परियोजनाओं को और वर्तमान में स्वीकृत पीएम यू घरों को तेजी से पूरा करेंगे। इसके साथ ही जो बिजली बिल और समेकित कर पटाते हैं, उन्हें आवास बनाने की पात्रता दी जाएगी। महिलाओं के नाम पर दर्ज संपत्तियों पर प्रापर्टी कर में 25 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान करेंगे। प्रत्येक माह की 7 तारीख से पहले संपत्ति कर का भुगतान करने वालों को 10 प्रतिशत की विशेष छूट ▶▶| शेष पेज 13 पर




### हर नगर निगम में होगा बर्तन बैंक, स्व सहायता समूह करेंगे संचालन

भाजपा के हमारे प्रमुख वादे के नाम से जारी घोषणा पत्र में कहा गया है कि स्व सहायता समूहों के लिए हर नगर निगम में बर्तन बैंक की स्थापना करेंगे। इसके साथ ही महतारी वंदन योजना के एसएचजी लाभार्थियों को 2.5 लाख तक का ऋण और मुफ्त प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनें। हम यूजर चार्ज का युक्त युक्तिकरण करेंगे। स्वच्छ और स्वस्थ छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए हर घर मे कचरा बाल्टी मुहैया करांगे, रात्रिकालीन सफाई सुनिश्चित करेंगे और स्मार्ट वेस्ट मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से कचरा संग्रहण मार्गो की ट्रैकिंग करेंगे। माई सिटी ऐप लॉच करेंगे जो नगर निगम की सभी ऑनलाईन सेवाओं को सुनिश्चिचत करेंगे। हर जोन में एक एकीकृत सेवा केन्द्र स्थापित करेंगे ताकि लोगों को बार-बार निगम दफ्तर नहीं जाना पड़े। हर घर तक स्वच्छ पानी पहुंचाने के लिए नल से जल की व्यवस्था को बेहतर करेंगे, नए जल टैंक बनाएंगे और पुराने कुओं का संरक्षण और पुनरूद्धार करेंगे।

### सिकल सेल एनीमिया मुक्त प्रदेश बनाने निगम क्षेत्रों में स्थापित होंगे स्क्रीनिंग केन्द्र

छत्तीसगढ़ को सिकल सेल एनीमिया मुक्त प्रदेश बनाएंगे, जिसके तहत निगम क्षेत्रों में स्क्रीनिंग केन्द्र स्थापित करेंगे और सभी मरीजों को सिकल सेल एनीमिया पहचान पत्र जारी करेंगे। प्रत्येक तालाब के लिए प्रभारी प्रणाली स्थापित करेंगे और इसे एसटीपी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ेंगे, ताकि तालाबों की स्वच्छता हो सके। गोकुल नगर का विस्तार करेंगे ताकि गोवंश संरक्षण उनकी देखभाल और आवास के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। शहरों में शासकीय जगहों पर कार और दोपहिया वाहनों के लिए व्यवस्थित पार्किंग का निर्माण करेंगे, जिससे यातायात पार्किंग की समस्याओं और जाम का समाधान सुनिश्चित होगा। प्रमुख नगर निकाय में नालंदा परिसर पर आधारित सार्वजनिक अध्ययन केन्द्र शुरू करेंगे और पुस्तकालयों में सीटों की संख्या भी बढ़ाएंगे।

# महिलाओं पर फोकस, तालाबों में चेंजिंग रूम, चौराहों पर सीसी कैमरे

**बालोद।** जिला कांग्रेस ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेस कर नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी किया। इस दौरान विधायक संगीता सिन्हा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष चन्द्रप्रभा सुधाकर तथा पदाधिकारियों के साथ प्रत्याशी उपस्थित थे।

जारी घोषणा पत्र में कहा गया है कि तालाबों का संरक्षण व सौंदर्यीकरण की विशेष पहल की जाएगी। घाटों एवं तालाबों में महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम बनाये जायेंगे। शहरी व्यापारिक क्षेत्रों में प्रसाधन की व्यवस्था की जाएगी। महिला सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कंट्रोल रूम के साथ सामंजस्य कर सभी चौराहों व स्कूल कॉलेज के समीप में सीसी कैमरा लगाने की व्यवस्था की जाएगी। सर्व सुविधायुक्त ऑटो, ई रिक्शा के लिए पार्किंग व चार्जिंग की व्यवस्था की जाएगी। श्रद्धांजलि योजना में बीपीएल कार्डधारियों की राशि 2000 रूपये से बढ़ाकर 5000 रूपये की जाएगी। निगमों के अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। संपत्तिकर, समेकित कर एवं जल उपभोक्ता शुल्क का घर बैठे भुगतान की सुविधा दी जाएगी। आगामी 6 माह में जहां ऑनलाईन भवन अनुज्ञा की सुविधा नहीं है, वहां सुविधा दी जायेगी। मकान आवंटन प्रक्रिया को और सरलीकृत एवं ▶▶| शेष पेज 13 पर

■ जिला कांग्रेस ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेस कर मतदाताओं से किए कई वादे




### कन्या विवाह के लिए सभी निकाय क्षेत्रों में निःशुल्क सामुदायिक भवन

पौनी पसारी योजना में महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी एवं स्थान को सर्व सुविधायुक्त बनाया जाएगा। चलित ठेले व्यवसायियों को संरक्षण दिया जाएगा एवं वार्डो के प्रमुख स्थानों पर वेंडिंग जोन चिन्हांकित कर व्यवसाय के लिए उचित स्थान दिया जाएगा। विकासकार्य में पारदर्शिता सामुहिक जिम्मेदारी एवं कसावट की दृष्टि से निकायों के अध्यक्षों के पूर्ववर्ती सरकार द्वारा दिये गए अधिकार वापस करते हुए प्रत्येक भुगतान में नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत अध्यक्षों के चेक हस्ताक्षर करने के अधिकार वापस दिलाने के लिए प्रयास किया जाएगा। कन्या विवाह के लिए सभी निकाय क्षेत्रों में सामुदायिक भवन निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा। सामुदायिक भवन की ऑनलाईन बुकिंग सिस्टम लागू करेंगे। शासकीय भूमि पर काबिज भूमिहीन व्यक्तियों को भूमि धारण करने के ▶▶| शेष पेज 13 पर

### मेधावी विद्यार्थियों को देंगे प्रोत्साहन राशि, छात्राओं को मुफ्त सेनेटरी नेपकीन

समस्त सरकारी स्कूल एवं आत्मानंद स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया जाएगा। सभी वार्डो में सर्व सुविधायुक्त आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण किया जाएगा। स्कूल एवं महाविद्यालयीन छात्राओं को मुफ्त सेनेटरी नेपकीन देंगे। जन्म मृत्यु एवं मैरिज सर्टिफिकेट को घर पहुंच सुविधा प्रदान की जाएगी। युवाओं को रोजगार देने के लिए सभी निकाय क्षेत्रों में यूथ हब बनाया जाएगा। महिला स्व सहायता समूहों के रोजगार देने विशेष पहल की जाएगी। सार्वजनिक स्थलों पर मुफ्त वाई फाई सुविधा प्रदान करेंगे। कांग्रेस शासित सभी निकायों में जनता को उनके कार्यों के पूर्ण होने की समय सीमा निर्धारित कर सिटीजन चार्टर बनाया जाएगा। संपत्तिकर की राशि नियमित समयावधि पर भूगतान करने पर विशेष छूट प्रदान की जाएगी। सभी नगर निगमों में पत्रकारों के लिए हाईटेक रेस्ट रूम बनाया जाएगा। ▶▶| शेष पेज 13 पर

# 8 माह से फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

8 माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में बालोद पुलिस को सफलता मिली है। आरोपी को महिला संबंधी अपराध में गिरफ्तार किया गया था, तब से ग्राम तरौद निवासी आरोपी नीतिश जांगडे पिता स्व. मानदास जांगडे उम्र 25 वर्ष फरार था।

आरोपी पर नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में थाना बालोद में धारा 363 भादवि के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना पता तलाश के दौरान गुमशुदा को 10 अप्रैल 2024 को तुकयेमजाल ब्राम्हणपल्ली एपीआर रोड लेबर कालोनी थाना हेथनगर जिला रंगा रेड्डी तेलंगाना से नितिश जांगडे के कब्जे से बरामद किया गया।अपहता से पूछताछ में आरोपी द्वारा अपहता के साथ शारीरिक शोषण करना पाये जाने से प्रकरण में धारा 366, 376(2)(ढ) भादवि 4, 5(ट)6 पाक्सो एक्ट जोड़ कर आरोपी को 12 अप्रैल 2024 के 12:10 बजे गिरफ्तार किया गया। रात्रि होने से आरोपी की सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी लगाई थी। दौरान मध्य रात्रि आरोपी हिरासत से



■ 12 अप्रैल 2024 को पुलिस की हिरासत से फरार हो गया था आरोप

फरार हो गया था। आरोपी के फरार होने से थाना बालोद में पृथक से धारा 224 भादवि पंजीबध्द कर पिछले 09 माह से आरोपी की पता तलाश की जा रही थी। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय द्वारा टीम गठित की गई थी। गठित टीम द्वारा लागातार पता तलाश करने के बाद आज 05 फरवरी 2025 को आरोपी को पकड़ने में सफल रही, जिसे आज 05 फरवरी 2024 को न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

# कोटवारों को उनके अधिकार व कर्तव्यों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पुलिस ने जिले के कोटवारों की चुनाव के संबंध में बैठक ली। पुलिस अधीक्षक बालोद ने

■ पुलिस अधीक्षक भगत ने संयुक्त जिला कार्यालय बालोद में ली बैठक

कोटवारों को प्रदत्त अधिकार तथा उनके कर्तव्यों के संबंध में जानकारी देकर उनका मनोबल बढ़ाया। कोटवारों को क्षेत्र के हाल–चाल बताने नियमित रूप से थाने में हाजिर होने समझाइश दी गई। कोटवारों को आगामी नगरीय



निकाय, त्रि–स्तरीय पंचायत चुनाव आदर्श आचरण संहिता का पालन करने जानकारी दी गई। साथ ही सायबर अपराध से बचने, सायबर प्रहरी ग्रुप से जुड़ने तथा टोल फ्री नंबर 1930 का ग्रामीणों में अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार करने जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक बालोद एसआर भगत ने आगामी नगरीय निकाय तथा त्रि–स्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर जिले के समस्त कोटवारों की संयुक्त जिला कार्यालय बालोद के ऑडिटोरियम कक्ष में बैठक ली। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर ने कोटवारों को गांव क्षेत्र के हाल–चाल नियमित रूप से बताने, पाक्षिक थाने में हाजिर होने समझाईश दी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी ने कोटवारों को आगामी नगरीय निकाय, त्रि–स्तरीय पंचायत चुनाव आदर्श आचरण संहिता का पालन करने एवं गांव में चुनावी दृष्टि से नजर रखने की समझाइश दी गई। क्षेत्र में संदिग्ध रूप से घूम रहे लोगों की जानकारी नियमित रूप अपने–अपने क्षेत्र के थाना, चौकी में उपस्थित होकर संबंधित थाना, चौकी प्रभारियों को अवगत कराने हिदायत दी गई।

पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बालोद देवांश सिंह राठौर के द्वारा कोटवारों को सायबर अपराध से बचने, सायबर प्रहरी ग्रुप से जुड़ने तथा साइबर फ्रॉड होने पर टोल फ्री नंबर 1930 पर काल करने, यातायात के नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने और संयमित गति में वाहन चलाने के संबंध में ग्रामीणों में अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार करने जानकारी दी गई।

# शॉर्टसर्किट से लगी आग, कई सामान जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गुण्डरदेही थाना क्षेत्र के ग्राम गोरकापार स्थित एक घर में शार्टसर्किट की वजह से आग लग गई। आग के कारण घर में रखे कई सामान जलकर राख हो गए। आग को फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा बड़ी मशक्कत से बुझाया गया।

■ गुण्डरदेही थाना क्षेत्र के ग्राम गोरकापार की घटना



जानकारी के अनुसार ग्राम गोरकापार के किसान विनोद चन्द्राकर के घर दोपहर को उस समय हड़कंप मच गया, जब घर के एक कमरे में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैलने लगी कि लोगों को सम्हलने का समय ही नहीं मिला। बताया जा रहा है कि घर में गाय, भैंस रखने के कमरे में शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी। आग लगने ▶▶| शेष पेज 13 पर

# अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मड़ई देखकर बाईक पर परिवार के साथ अपने घर लौट रहे व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार सभी घायल हो गए। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ 125(ए), 281 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

■ ग्राम मड़वापथरा के पास हुई दुर्घटना

ग्राम पेण्ड्री निवासी प्रार्थी नेमीचंद सोरी ने रिपोर्ट में बताया कि ग्राम नेवारीखुर्द में मड़ई कार्यक्रम होने से 02 फरवरी को मैं अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 पी 1866 पर अपनी पत्नी संगीता सोरी, पुत्र देशांश सोरी, भतीजी निधी सोरी के साथ अपने घर वापस जा रहा था। इस दौरान ग्राम मड़वापथरा के पास दोपहर को पहुंचा था तभी सामने से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मेरी मोटर सायकिल को ठोकर मार दी। इससे मेरे दाहिने पैर में, मेरी पत्नी की दाहिनी आंख के ऊपर, दाहिने हाथ एवं चेहरे में तथा मेरी भतीजी के दाहिने पैर में चोट आई है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद वाहन चालक फरार हो गया।

## अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित

# भाजपा ने बागी प्रत्याशियों को दिखाया बाहर का रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव ने जिले के विभिन्न नगरीय निकायों में भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले बागी प्रत्याशियों के निष्कासन का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के तहत भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष, पूर्व व वर्तमान पार्षद सहित कई प्रत्याशियों पर निष्कासन की गाज गिरी है।

नगरीय निकाय चुनाव 2025 के दौरान पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ने के आरोप एवं अनुशासन भंग करने के मामले में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष






■ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने जारी किया निष्कासन का आदेश

किरण सिंह देव ने भाजपा के बागी कार्यकर्ताओं को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है।

### इन पर गिरी गाज

जारी आदेश के तहत जिले के नगर पालिका दल्ली राजहरा अध्यक्ष पद प्रत्याशी संतोष देवांगन, नगर पंचायत अर्जुंदा अध्यक्ष पद प्रत्याशी प्रणेश जैन, रोमन सोनकर, नगर पंचायत डौंडीलोहारा अध्यक्ष पद प्रत्याशी प्रेम भंसाली पर निष्कासन की कार्रवाई की गई है। इसी तरह नगर पालिका दल्ली राजहरा वार्ड प्रत्याशी 09 मेवा पटेल, 19 मोईनुद्दीन, 26 टी ज्योति, 05 जीवन साहू, 23 प्रदीप बाघ, गुण्डरदेही नगर पंचायत वार्ड नंबर 05 शुभम तिवारी, 06 आरती सोनकर, 07 मीना सोनकर, अर्जुंदा नगर पंचायत वार्ड नंबर 01 प्रभा सोनकर, 03 रोशन सिन्हा, 03 थिनेश्वरी सोनकर, 08 दिलीप ठाकुर, 09 योगेश देवांगन, 11 शत्रुधन यादव, 12 ईश्वर देवांगन को निष्कासित किया गया है। वहीं, नगर पंचायत डौंडीलोहारा के वार्ड नंबर 02 ममता शर्मा, नगर पंचायत चिखलाकसा वार्ड नंबर 03 राजकुमार विश्वकर्मा, 03 वीरेंद्र पासवान, 12 पुनम घुरिया के निष्कासन का आदेश जारी किया गया है।

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### बसंत पंचमी पर तीन किताबों का किया विमोचन



**रायपुर।** बसंत पंचमी के अवसर पर डॉ. सुरेश तिवारी की तीन किताबों का एकसाथ विमोचन नर्मदा कांप्लेक्स स्टार इंटरप्राइजेज अम्लेश्वर के हॉल में मंगलवार को किया गया। इसी दौरान हिंदी साहित्य भारती छत्तीसगढ़ प्रदेश की ओर से डॉ. सुरेश तिवारी की गजलों का गायन डॉ. चितरंजन कर द्वारा किया गया। डॉ. तिवारी द्वारा लिखित तीन किताबों, कहानी संग्रह ये रोज भी होता है, गजल संग्रह 'नशेमन' और साहिल का विमोचन मुख्य अतिथि गिरीश पंकज, डॉ. बलदेव साहू, डॉ. चितरंजन कर, लेखक संजीव ठाकुर, कवि सुरेंद्र रावल एवं ब्रिगेडियर प्रदीप यदु की उपस्थिति में किया गया।

### सोशल मीडिया पर बदनाम करने का आरोप

**रायपुर।** माधव सेवा समिति के अध्यक्ष आदेश सोनी ने पुलिस प्रशासन एवं साइबर सेल से मांग की है कि उन्हें बदनाम करने के लिए कतिपय लोग षडयंत्र कर रहे हैं। श्री सोनी ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि सोशल मीडिया वाट्स एप पर मेरे नाम से लिंक जोड़कर क्रिश्चियन समुदाय के खिलाफ अपशब्द एवं अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। मैं हर वर्ग का, हर महिला का सम्मान करता हूं। मुझे बदनाम करने के लिए किसी ग्रुप में भड़काऊ वीडियो डाला गया है, जिसमें मेरा सम्मान को तार-तार करने का प्रयास किया गया है। इससे मेरे परिवार एवं मुझे खतरा पैदा हो गया है। अगर जांच में मेरे विरुद्ध किसी समुदाय के खिलाफ अभद्र टिप्पणी किया जाना पाया जाता है तो हर सजा भुगतने को तैयार हूं।

### किरण देव बोले- अब कांग्रेस ने भी किया भूपेश बघेल से किनारा

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव ने प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के बयान का हवाला देते हुए कहा, अब कांग्रेस ने भी भूपेश बघेल से किनारा कर लिया है। यह बात डॉ. चरण दास महंत के उस बयान से साबित होती है जिसमें डा. मंहत ने अगला विधानसभा चुनाव पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के नेतृत्व में लड़ने की बात की है। श्री देव ने कहा, कांग्रेस की पूरी विचारधारा ही भ्रष्टाचार-केंद्रित है। कांग्रेस नेताओं का संकल्प भ्रष्टाचार करना ही है। कांग्रेस की यह विचारधारा भूपेश बघेल और एजाज ढेबर को बनाती है, फिर उसे यूज एण्ड थ्रो कर देती है, फिर नए बघेल और ढेबर तलाशती है जो जनता से लूट कर सकें। श्री देव ने कहा, यही कांग्रेस की विचारधारा है। कांग्रेस के डीएनए में रचा-बसा भ्रष्टाचार कभी खत्म नहीं होगा, चाहे नेतृत्व कांग्रेस में कोई भी करे। कांग्रेस को अपने नित-नए एटीएम खोलने वाले नेता चाहिए, वह कौन होगा, कांग्रेस को उससे कोई मतलब नहीं है। श्री देव ने कहा, प्रदेश की जनता ने इस बात को माना था कि भूपेश बघेल के कार्यकाल में प्रदेश में भयंकर भ्रष्टाचार हुआ, घपले-घोटाले हुए, छत्तीसगढ़ महतारी के खजाने को लूटा गया, जनता के अधिकारों को छीना गया।

# छग को रेल बजट में मिले 6925 करोड़, रेललाइन के दोहरीकरण पर होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय बजट में छत्तीसगढ़ में रेल विकास कार्यों के लिए 6 हजार 925 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इससे राज्य में रेल नेटवर्क के विस्तार और आधुनिकीकरण को बढ़ावा मिलेगा। 1105 किमी में सुरक्षा कवच सिस्टम लगाने समेत अन्य काम होंगे। वर्तमान में 365 किमी में कवच लगाने का काम चल रहा है। कुछ महीने पहले भालूमाड़ा से सरदेगा तक 37 किमी नई रेलवे लाइन परियोजना को केंद्र सरकार ने मंजूरी दी थी, उसके लिए 1360 करोड़ रुपए दिए गए हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से पत्रकारों को बजट में छत्तीसगढ़ के लिए किए गए प्रावधान और बजट आवंटन की जानकारी दी। बताया कि इस बजट में प्रदेश में रेल विकास के कार्यों के लिए 6925 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं।

## अमृत भारत स्टेशन के तहत 1672 करोड़ से 32 रेलवे स्टेशनों को संवारा जा रहा

### रेल मंत्रालय की ओर से जारी किए गए फैक्ट

- रायपुर स्टेशन में 463 करोड़ से बिल्डिंग का निर्माण हो रहा है।
- दुर्ग स्टेशन में 456 करोड़ से पुराने स्ट्रक्चर को हटाने और कंस्ट्रक्शन के काम हो रहे हैं।
- बिलासपुर स्टेशन में 435 करोड़ से मुख्य भवन की बैरिकेडिंग पूरी, यूटिलिटी शिफ्टिंग का काम हो रहा है।



### यात्री सुविधाओं में सुधार (पिछले 11 सालों में)

- 148 रेल पुल और अंडरब्रिज बनाए गए।
- 119 स्टेशनों पर वाई-फाई सुविधा।
- 20 लिफ्ट और 8 एस्केलेटर स्थापित।
- 2 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें, 5 जिलों को जोड़ने वाली।

### ट्रेनों की संख्या बढ़ाने पर जोर

भारत सरकार के रेल बजट में छत्तीसगढ़ को इस बार 6925 करोड़ रुपए मिले हैं। देश के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे ऐतिहासिक बताया है। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आभार जताते हुए कहा कि इससे छत्तीसगढ़ में रेलवे विकास होगा, कनेक्टिविटी भी बढ़ेगी। रेल बजट में अलॉट की गई है राशि छत्तीसगढ़ में ट्रेनों की संख्या बढ़ाने, रेल लाइन को दोहरा करने, अलग-अलग जगह पर पुल बनाने में खर्च होगी।

### 11 वर्षों में 1125 किमी नई पटरियां बिछाईं

*छत्तीसगढ़ में पिछले 11 वर्षों में 1125 किमी नई पटरियां बिछाई गई हैं। पिछले 11 वर्षों में हुए 350 किमी विद्युतीकरण के साथ छत्तीसगढ़ का 100 प्रतिशत रेलवे नेटवर्क विद्युतीकृत हो गया है। वर्तमान में चल रहे 26 प्रोजेक्ट में 38 हजार 378 करोड़ रुपए से 2768 किमी नई रेल पटरियां बिछाई जा रही हैं। हाल ही में मंजूर की गई सरदेगा-भालुमुड़ा नई डबल लाइन 37 किमी के लिए 1360 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। अमृत भारत स्टेशन के तहत 1672 करोड़ से 32 रेलवे स्टेशनों को संवारा जा रहा है। 1105 किमी रूट पर सुरक्षा कवच सिस्टम लगाने की मंजूरी दी गई है। 365 किमी में काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के जिलों के हिसाब से रेलवे के विकास पर 41 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। आदिवासी अंचल का भी ख्याल रखा गया है।*

## प्रदेश में किसी कारण से धान बेच नहीं पाए ऐसे किसानों को जारी किए गए अतिरिक्त टोकन

# 874 किसानों को अतिरिक्त टोकन जारी 106 का रकबा समर्पण रीस्टोर किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑनलाइन पोर्टल में 25 जनवरी 2025 तक पंजीकृत किसानों में जो किसान किसी न किसी कारण से अपना धान उपार्जन केंद्रों में बेच नहीं पाए हैं, ऐसे किसानों से भी सरकार धान खरीद रही है। इसके लिए सभी जिलों में पंजीकृत किसानों के त्रुटिपूर्ण टोकन को सुधारकर जारी करने कहा गया है, वहीं जिन किसानों के धान का रकबा ऑनलाइन में त्रुटिपूर्ण कम दिखा रहा है, उनका रकबा भी रीस्टोर किया जा रहा है, ताकि किसान अपना पूरा धान बेच सके। प्रदेशभर में अब तक ऐसे 874 किसानों को अतिरिक्त टोकन जारी किया गया है, वहीं 106 किसानों के धान समर्पण रकबा रिस्टोर किए गए हैं। उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी अभी भी जारी है। धान खरीदी के दौरान टोकन जारी होने के बाद भी कई किसान अलग-अलग कारण से अपना धान बेच नहीं पाए थे। इनमें प्राप्त टोकन एवं रकबा समर्पण संबंधी समस्याओं के निराकरण करने के लिए सैकड़ों की संख्या में किसानों ने आवेदन भी किए थे। इन आवेदनों को देखते हुए शासन ने 25 जनवरी 2025 तक पंजीकृत किसानों से पंजीकृत रकबा के अनुसार धान खरीदने के लिए दोबारा टोकन जारी करने के आदेश जारी किए। इस आदेश के तहत रायपुर सहित सभी जिलों में अतिरिक्त टोकन जारी करने के साथ धान का रकबा समर्पण रीस्टोर भी किए गए हैं।



### सर्वाधिक धमतरी में अतिरिक्त टोकन जारी

*प्रदेश में सर्वाधिक अतिरिक्त धमतरी जिले में जारी किए गए हैं। यहां 325 अतिरिक्त टोकन जारी किया गया है। दूसरे नंबर पर रायपुर है, जहां 165 अतिरिक्त टोकन जारी किए गए हैं। इसी प्रकार रकबा समर्पण रिस्टोर सर्वाधिक 19 बिलासपुर जिले में किए गए हैं।*

### जिलेवार जारी किए गए अतिरिक्त टोकन व रकबा रिस्टोर का विवरण

| जिला | अतिरिक्त | रकबा रिस्टोर |
|---|---|---|
| बस्तर | 0 | 2 |
| कांकेर | 7 | 9 |
| बिलासपुर | | 19 |
| गौरेला-पेंड्रा-मरवाह | | 7 |
| जांजगीर-चांपा | 38 | 7 |
| कोरबा | 0 | 1 |
| मुंगेली | 17 | 7 |
| रायगढ़ | 1 | 0 |
| सक्ती | 61 | 0 |
| सारंगढ़-बिलाईगढ़ | 16 | 8 |
| बालोद | 23 | 3 |
| दुर्ग | 12 | 1 |
| कवर्धा | 45 | 0 |
| राजनादंगांव | 16 | 1 |
| खैरागढ़ छुईखदान गंडई | 2 | 8 |
| मोहला-मानपुर | 3 | 2 |
| बलौदाबाजार | 21 | 0 |
| धमतरी | 325 | 7 |
| गरियाबंद | 68 | 10 |
| महासमुंद | 50 | 6 |
| रायपुर | 165 | 5 |
| बलरामपुर | 0 | 2 |
| सरगुजा | 0 | 1 |

# जेएन मेडिकल कालेज को मिली एमसीएच सर्जिकल आंकोलॉजी की तीन सीटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय जेएन मेडिकल कालेज रायपुर को एमसीएच के तहत सर्जिकल आंकोलॉजी की तीन सीटें मिली हैं। एनएमसी ने कमियों का हवाला देकर इसे अटका रखा था, जिसे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा हरी झंडी दी गई है। पाठ्यक्रम के प्रारंभ होने से कैंसर के ऐसे मरीज जिनके लिये शल्यक्रिया आवश्यक है, उन्हें बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही प्रदेश को सर्जिकल आंकोलॉजी के सुपर-विशेषज्ञ मिलेंगे। महाविद्यालय के एनएमसी सेल के चेयरमैन डॉ. अरविन्द नेरल ने बताया कि शासकीय मेडिकल कालेज के अंतर्गत सर्जिकल आंकोलॉजी विभाग में राष्ट्रीय कैंसर दिवस पर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से ई-मेल पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें केन्द्र शासन ने निर्णय लिया है कि नेशनल मेडिकल कमीशन को निर्देशित किया जाये कि संबंधित पाठ्यक्रम लेटर ऑफ परमिशन जारी करे। इससे यह महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम इसी शैक्षणिक सत्र से प्रारंभ किया जा सकेगा। इस सुपर स्पेशलाइजेशन पाठ्यक्रम के प्रारंभ के लिये गत वर्ष के प्रारंभ में ही आवेदन दिया गया था। कुछ कमियों का उल्लेख करते हुये एनएमसी ने स्वीकृति नहीं दी थी।

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से हरी झंडी, एनएमसी में अटका था मामला

### रीजनल कैंसर सेंटर भी

कैंसर विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता डा. विवेक चौधरी ने विभाग को रीजनल कैंसर सेंटर के रूप में विकसित किया है। उनकी पहल और नेतृत्व में नेतृत्व कौशल के कारण इस पाठ्यक्रम को प्रारंभ करने में मदद मिली है। डॉ. आशुतोष गुप्ता ने बताया कि यह मध्य भारत का पहला शासकीय चिकित्सा संस्थान है, जहां यह विशेष पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। कैंसर विभाग में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम एमडी (रेडियो थैरेपी) की 6 मान्यता प्राप्त सीटें पहले से संचालित की जा रही हैं।

# बच्चे की हथेली में घुसा सरिया, डाक्टरों ने कलाई कटने से बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खेल-खेल में भालानुमा फेंसिंग राड 14 साल के बच्चे की कलाई से घुसकर पंजे के पार हो गया। लहूलुहान हालत में वह डीके अस्पताल पहुंचा, जहां तत्काल सर्जरी कर उसका हाथ बचा लिया गया। लोहे की राड उसकी कलाई की नस और हड्डी को क्षतिग्रस्त कर चुकी थी और देर होने पर इंफेक्शन की वजह से कलाई कटने का खतरा भी था। इलाज के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। जानकारी के अनुसार मोवा इलाके में रहने वाला बालक देवेन्द्र नगर में खेलने आया था। वह गार्डन की सुरक्षा के लिए लगाए गए फेंसिंग राड को फांदने का प्रयास कर रहा था। इसी चक्कर में सुरक्षा के लिए लगाई गई भालानुमा राड उसकी दाहिनी कलाई से घुसकर पंजे के बाहर हो गई। आसपास के लोगों उसी हालत में बच्चे को लेकर डीके अस्पताल पहुंचे। इमरजेंसी यूनिट के डाक्टरों ने जांच में इसे पेनिट्रेटिंग इंजुरी का मामला पाया। बच्चे की कलाई की नस, मांसपेशियों और हड्डियों को काफी नुकसान पहुंचा था। प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डाक्टरों ने गंभीरता को ध्यान में रखते हुए उसकी तत्काल सर्जरी कर भालानुमा सरिया को बाहर निकाला और क्षतिग्रस्त नसों, हड्डियों की मरम्मत की। बच्चे को कुछ दिन चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया और उसके ठीक होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दी गई। गंभीर स्थिति में इलाज के लिए पहुंचे बच्चे की सर्जरी डा. कृष्णानंद ध्रुव, डा. ईशान अग्निहोत्री, डा. सतीश, डा. प्राची, डा. संगीता एवं एनीस्थिसिया विशेषज्ञ डा. मयंक की टीम ने पूरी की।

- लहूलुहान हालत में पहुंचा डीके अस्पताल, डाक्टरों ने की त्वरित सर्जरी

### छेड़छाड़ करने के बजाय अस्पताल पहुंचे

*कास्मेटिक एवं प्लास्टिक सर्जन डा. कृष्णानंद ध्रुव ने बताया कि इस तरह के किसी भी हादसे अथवा अंग कटने पर किसी तरह की छेड़छाड़ करने के बजाए जल्दी अस्पताल पहुंचना चाहिए। सुरक्षित तरीके से लाए गए अंगों को वापस जोड़ने तथा जरूरी इलाज में इससे आसानी होती है। इस तरह की चोटों से स्थायी नुकसान का खतरा होता है। तेजधार की वस्तुओं का उपयोग या फेसिंग के आसपास खेलने के दौरान सावधानी बरतना चाहिए।*

# मच्छर उन्मूलन: एजेंसी को 3 माह का एक्सटेंशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम द्वारा शहर के 70 वार्डों में मच्छर उन्मूलन के लिए एकीकृत योजना बनाकर फागिंग और एंट्री लावा का छिड़काव करने वाली दुर्ग की अनुबंधित एजेंसी का ठेका अब रद्द नहीं होगा। तीन माह का फीडबैक लेने के बाद निगम प्रशासन ने संबंधित एजेंसी का 3 माह के लिए काम बढ़ा दिया है। दरअसल, रायपुर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग शहरवासियों को मच्छरों के डंक से बचाने 70 वार्डों में एक साथ मच्छर उन्मूलन के लिए एकीकृत प्लान बनाकर पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत दुर्ग की एजेंसी को ठेका दिया है। 1 करोड़ 25 लाख में यह ठेका 3 माह के लिए ट्रायल पर दिया गया। अनुबंधित एजेंसी ने 100 कर्मचारी रखकर शहर के अलग-अलग वार्डो में फागिंग और एंटी लार्वा छिड़काव शुरू कराया। साथ ही निगम मुख्यालय में इसका कंट्रोल रूम बनाया गया है। आम जनता की शिकायत सुनने एजेंसी ने टोल फ्री नंबर भी जारी किया, पर पॉयलट प्रोजेक्ट को लेकर नवंबर में हुई एमआईसी की बैठक में सदस्यों ने इस प्रोजेक्ट के औचित्य को लेकर सवाल उठाये।

# महाशिवरात्रि पर्व करीब लेकिन प्राचीन मंदिर का काम अटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मंगलवार को नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा वार्ड 31 पार्षद भारती राम सूर्यवंशी व असंगठित मजदूर ठेका मजदूर प्रदेश सचिव राम सूर्यवंशी ने देवबलौदा प्राचीन शिव मंदिर में पुरातात्विक विभाग व बीएसपी द्वारा चल रहे विकास, संधारण कार्य का निरीक्षण किया। जिसमें मंदिर का संधारण कार्य तीन माह से रुका हुआ है। जबकि 20 दिन बाद महाशिवरात्रि मेला यहां होना है। इसमें शामिल होने जिले के बाहर से भी भक्तगण पहुंचते है। पार्षद ने बताया कि भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए यहां मंदिर परिसर में लोग पहुंचते है। मंदिर में जगह जगह खुदाई कर दी गई है लेकिन विकास कार्य को वैसे ही छोड़ दिया गया है। कई जगहों पर रेत,गिट्टी, पत्थरो का ढेर लगा हुआ है। लोग इससे हादसों का शिकार हो सकते है। विकास कार्यों को लेकर पुरातात्विक विभाग व बीएसपी के अधिकारियों को कई बार पार्षद द्वारा फोन कर रुके कार्यो कतो जल्द करने अवगत कराया गया।

# डायलिसिस के कष्टप्रद जीवन से मिली महिला को मुक्ति, दान में मिली किडनी प्रत्यारोपित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ब्रेनडेड होने के बाद अंगदान करने वाले आर्यंश की किडनी ने 26 साल की महिला को डायलिसिस के कष्टप्रद जीवन से मुक्ति दिलाई। वहीं किसी कारण से अपनी आंखों की रोशनी गंवा चुके बेमेतरा और अंबिकापुर के दो युवकों को उसके रेटिना से उजाला देखना नसीब हुआ। आर्यंश की एक किडनी निजी अस्पताल में भर्ती मरीज को प्रदान की गई थी। वहीं एक किडनी और दोनों रेटिना एम्स को प्राप्त हुआ था। किडनी का ट्रांसप्लांट दुर्ग में रहने वाली महिला को किया गया। वह सात साल से किडनी की बीमारी से जूझ रही थी। कुछ साल पहले उसने निजी अस्पताल में एबीओ-इनकंपेटिबल ट्रांसप्लांट कराया था जो असफल रहा। दो साल उसका जीवन डायलिसिस पर चल रहा था। वहीं आर्यंश के कार्निया से बेमेतरा और अंबिकापुर के 18-18 वर्षीय दो युवक की दृष्टि लौटी।

- अंगदान, बेमेतरा और अंबिकापुर के दो युवकों की लौटी रोशनी




## बीएसपी के सिंटर प्लांट-3 में अंजनाद्री गार्डन विकसित

# कार्मिकों के साझा प्रयासों से आकर्षण का केंद्र बना अंजनाद्री उद्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के सिंटर प्लांट–3 विभाग में रचनात्मकता और सहयोगात्मक प्रवृत्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार किए गए रचनात्मक स्थान अंजनाद्री गार्डन का निर्माण किया गया है। कार्मिकों को साझा प्रयासों से विकसित इस आकर्षक उद्यान का उदघाटन कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती, पवन कुमार, बिपिन कुमार गिरी, क राकेश कुमार की उपस्थिति में किया गया।

गार्डन 100 मीटर में फैला एक विशाल स्थान है, जिसे एक ऐसे स्थान पर बनाया गया था, जो एक दशक से कीचड़ और मलबे से भरा हुआ था। इस दो महीने में पूरा कर लिया। गार्डन विकसित करने में सीजीएम अनूप दत्ता के मार्गदर्शन में शुरू हुआ। नियमित कर्मचारियों के साथ ठेका श्रमिकों ने मिलकर कार्य को पूरा किया। डीजीएम एमयू राव द्वारा वरिष्ठ प्रबंधक अजय श्रीवास्तव, विपिन मौर्य और उप प्रबंधक दिनेश मानिकपुरी आरके रणदीवे और सहायक महाप्रबंधक (सीईडी) अमीत माथुर द्वारा किया गया। संध्याकाल के बाद स्थान को नया स्वरूप प्रदान करने प्रकाष की व्यवस्था विद्युत समूह द्वारा उप महाप्रबंधक विवेक श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में वरिष्ठ प्रबंधक केके वर्मा व अरुणेश शर्मा का योगदान रहा। उद्यान में कई विशेषताएं हैं। दो अष्टकोणीय, शिवालय, 'चिंतन चौपाल' और 'मनन मंडप' के नाम से जाना जाता है, जो 'उच्चौश्रवा' नामक एक हवाई घुमावदार पुल से जुड़ी हैं, जिसके नीचे एक बहते हुए फव्वारे के साथ एक शांत तालाब है। आंतरिक संसाधनों और शिल्प कौशल का उपयोग करते हुए विकसित 'ऊंची उड़ान', 'आई लव यू एसपी–3' और 'अग्रगामी पथ' सहित अन्य तत्व, रचनाकारों की कलात्मक –ष्टि को दर्शाते हैं। इस पूरे प्रोजेक्ट को विभिन्न ठेका श्रमिकों के समूहों द्वारा सावधानीपूर्वक निष्पादित किया गया है।




### सिंटर द्वार है आकर्षक

नियमित उत्पादन और रखरखाव गतिविधियों को बाधित किए बिना अपना समय और प्रयास किया। इसका मुख्य आकर्षण सिंटर द्वार है। आरएल द्वारा डिजाइन किया है। गेट के साथ एक विशाल स्क्रीन भी है जिस पर लाइव और रिकडेड वीडियो दिखाए जाते हैं, जो अंजनाद्री के गतिशील वातावरण को और भी बढ़ा देता है।

## बूढ़ापारा धरना स्थल की खाली जमीन पर वेंडिंग जोन, फूल चौक के वेंडर होंगे शिफ्ट, 10 गुमटियां तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बूढ़ातालाब के सामने पुराने धरना स्थल पर अब खाने-पीने के स्टॉल नहीं होंगे। नगर निगम के इस वेंडिंग जोन में फूल चौक के फूल विक्रेताओं को व्यवस्थापित किया जायेगा। नगर निगम चुनाव की आचार संहिता समाप्त होते ही फूल विक्रेताओं को वेंडिंग जोन में गुमटियों का आवंटन होगा। 1 करोड़ खर्च कर बनाये गये वेंडिंग जोन में 10 स्मार्ट गुमटियां बनाई गई हैं।

- फूलों की महक की बिखरेगी, खाने-पीने के स्टॉल नहीं रहेंगे

### निकाय चुनाव की आचार संहिता हटने के बाद होगा गुमटियों का आवंटन



#### कचरा डंप वाली जगह पर चौपाटी का हुआ था विरोध, अब बनेगा फूल बाजार

विदित हो, बूढ़ापारा के धरना स्थल की खाली जमीन पर नगर निगम के प्रस्तावित चौपाटी को लेकर निवृतमान महापौर एजाज ढेबर और उनकी परिषद सहित स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों ने चौतरफा विरोध जताया। विरोध इसलिए किया गया कि बूढ़ातालाब के सामने पुराने धरना स्थल वाली जगह पर नगर निगम का कचरा डंपिंग जोन बना है, जहां आधा दर्जन से ज्यादा वार्डों से निकलने वाला कूड़ा करकट कचरा गाड़ी में भरकर रोज सुबह से शाम डंप किया जाता है। इससे उठने वाली बदबू से जहां राहगीरों का इस मार्ग से आना-जाना मुश्किल हो रहा है, वहां चौपाटी बनने पर खाने-पीने की सामग्री के स्टॉल रहेंगे। इससे लोगों की सेहत पर बुरा पड़ेगा। व्यापक विरोध के बाद निगम प्रशासन ने वेंडिंग जोन में खाने-पीने के स्टॉल की जगह वहां व्यवस्थापन के तहत चयनित फूल विक्रेताओं को शिफ्ट करने की तैयारी की है।

बूढ़ापारा में रामकी कंपनी के कचरा डंपिंग जोन के पास धरना स्थल वाली जगह पर अब चौपाटी की जगह वेंडिंग जोन शुरू होगा। इसमें खाने-पीने के स्टॉल न होकर फूल विक्रय करने वाले छोटे व मध्यम वेंडर को रोजगार के लिए सुव्यवस्थित ठिकाना मिलेगा। वेंडिंग जोन में 10 गुमटियां बनकर तैयार हैं। इसमें व्यवस्थापन के तहत फूल चौक के फूल बाजार के विक्रेताओं को आवंटित किया जायेगा। इसके लिए नगर निगम के शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से गुमटियों के आवंटन के लिए लाटरी निकाली गई। निगम चुनाव के बाद पात्र वेंडरों को नंबर के अनुसार व्यवस्थापन के तहत गुमटियां आवंटित होंगी।

## खबर संक्षेप

### सीए के मकान से हुई चोरी नौकरानी और ड्राइवर पर जुर्म दर्ज

**भिलाई।** मकान से घरेलू सामान और नगदी रकम चोरी होने का मामल सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 305 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि तालपुरी ए ब्लाक रोज 101 निवासी सीए नवीन जैन है। इनका आफिस आफिस 169 न्यू सिविक सेंटर में है। घर पर लगातार घरेलू समान जैसे बैग, कपड़े, घडिया आदि चोरी हो रही थी। 2 फरवरी की दोपहर करीब 3.30 बजे रायपुर से ड्राईवर के साथ अपने घर आया। अपना लेपटाप वाला बैग ड्राईंग रुम में रखा। जिसमें लेपटाप और साईड बैग में नगदी 50 हजार पड़ा था। दुसरे दिन पैसे वाले बैग को चेक करने पर लेपटाप था लेकिन नगदी 50 हजार गयाब मिला। शिकायत पुलिस से किया गया। बांस पारा निवासी दामिनी कौसल काम वाली और हुड़को ड्राइवर अंकित मिंज पर चोरी का संदेह हुआ। पुलिस ने दोनों पर कार्रवाई किया।

### पावरहाउस ओवरब्रिज बना डेंजर जोन, बढ़ी दुर्घटनाएं

**भिलाई।** तीस साल पुराना पावर हाउस ओवर ब्रिज डेंजर जोन बना हुआ है। प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस की निष्क्रयता आए दिन छिटपुट दुर्घटनाएं, घायल होने के साथ जाम और लोग जान भी गंवा रहे हैं। भारी वाहनों के प्रतिबंध के बाद भी जिम्मेदार उदासीन हैं। अब इस मामले में कांग्रेस नेताओं ने सीएम, गृह मंत्री और आईजी को पत्र भेजकर ब्रिज की मरम्मत के साथ जानलेवा दुर्घटना के लिए जिम्मेदारों पर कार्रवाई व ब्रिज को भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित किए जाने की मांग की है। पूर्व में भिलाई पावर हाउस ओवरब्रिज पर से भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग कलेक्टर दुर्ग एवं जिला पुलिस अधीक्षक तथा डीएसपी यातायात दुर्ग भिलाई को ज्ञापन देकर की गई थी फलस्वरूप सेक्टर वन के ओवर ब्रिज से पहले मुर्गा चौक पर उक्त पुल पर यातायात पुलिस द्वारा भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित है एवं उल्लंघन करने पर चालानी कार्यवाही करने का एक बैनर लगाकर इति श्री कर लिया गया ।

### अधिकारियों को पर्क्स मिलने पर कर्मियों में जगी उम्मीद

**भिलाई।** बीएमएस के हरिशंकर चतुर्वेदी ने मांग की कि कोर्ट के आदेश पर अधिकारियों को ब्याज सहित 18 महीने के पर्क्स का भुगतान प्रबंधन द्वारा करने से कर्मचारियो को भी वेतन समझौते के तिथि से सभी भुगतान होने की उम्मीद जग गई है परंतु प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के हितों पर कोई भी फैसला एनजेसीएस की बैठक में यूनियन एवं प्रबंधन की सहमति से होता है। लेकिन प्रबंधन एनजेसीएस की बैठक अपनी सुविधा के अनुसार बुलाता है जिसके कारण कर्मचारियों के एक वेतन समझौते की अवधि में लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है। यूनियन के मुताबिक कर्मचारियों के आर्थिक तत्वों को नुकसान पहुंचाना अब प्रबंधन ने अपनी आदत में डाल दिया है जबकि अधिकारियों के एक-एक रुपए का भुगतान समय पर कर दिया जाता है 2017 का लंबित वेतन समझौता अभी तक पूर्ण नहीं हो हुआ है।

### ग्राम छिंदगांव के किसान श्रवण कुमार ने रबी में धान के बदले ली दूसरी फसल

# मक्के की फसल ने बनाया लखपति, मात्र 12 हजार खर्च कर कमा लिए एक लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले में पानी की बचत एवं भूजल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु बालोद जिला प्रशासन द्वारा कृषि एवं अन्य संबद्ध विभागों तथा आम जनता के सहयोग से चलाई जा रही पानी बचाओ अभियान किसानों एवं जिले वासियों के लिए हर दृष्टि से उपयोगी साबित हो रहा है।

जिला प्रशासन के पानी बचाओ अभियान के अंतर्गत किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल उत्पादन के लिए प्रेरित करने का यह महत्वपूर्ण कार्य जिले में पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के अलावा भूजल स्तर में वृद्धि के साथ–साथ किसानों के आमदनी का भी बेहतर स्त्रोत बन गया है। जिला प्रशासन के इस सराहनीय पहल के फलस्वरूप अपने खेतों में ग्रीष्मकालीन धान के बदले मक्के का फसल का उत्पादन करना जिले के आदिवासी बाहुल्य डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम छिंदगांव के आदिवासी कृषक श्रवण कुमार के लिए अत्यंत लाभकारी कदम सिद्ध हुआ है। कुछ साल पहले तक गमएँ के सीजन में धान का उत्पादन करने वाले किसान श्रवण कुमार के लिए गर्मी के सीजन में अपने लगभग 02 एकड़ जमीन में मक्के के पैदावार से धान की तुलना में उसे दुगुनी आय प्राप्त हुई है। जिला प्रशासन के इस अभिनव प्रयासों के फलस्वरूप किसान श्रवण कुमार ने लगभग 02 एकड़ कृषि भूमि में मक्का फसल का उत्पादन कर 88 हजार रुपये से अधिक की शुद्ध आमदनी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि 02 एकड़ भूमि में मक्का के उत्पादन करने में खाद, बीज एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए लगभग 11 हजार 800 रुपये का कुल खर्च आया।



#### मक्के के अवशेष को खेत में सड़ाया बढ़ गई उपज

कृषक श्रवण कुमार ने बताया कि मक्के के अवशेष को आगामी खरीफ वर्ष में अपने खेतों में सड़ाया, जिससे उनके खेतों की संरचना में सुधार हुई। इसके फलस्वरूप इस वर्ष खरीफ सीजन में उनका धान का उत्पादन प्रति एकड़ 03 से 04 क्विंटल बढ़ गया। उसके बाद मैंने मौजूदा रबी सीजन में भी मक्के की फसल का उत्पादन करने के लिए अपने खेतों में फिर से मक्के की फसल लगाया हूँ, फसल बहुत ही अच्छी है।

#### कृषि विभाग के अधिकारियों की प्रेरणा से किया बदलाव

बालोद जिला प्रशासन की इस बेहतरीन पहल की सराहना करते हुए किसान श्रवण कुमार ने बताया कि मेरे द्वारा ग्राम छिंदगांव के अपने पैतृक भूमि में लगातार ग्रीष्मकालीन धान का उत्पादन किया जा रहा है। एक दिन कृषि विभाग के अधिकारियों ने हम किसानों को धान के बदले अन्य फसल पैदावार के लिए प्रेरित करने हेतु आयोजित किए गए किसान चौपाल से प्रेरित होकर मैंने ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल लगाने का निर्णय लिया। उसके बाद मैंने रबी सीजन 2024 में अपने लगभग 02 एकड़ कृषि भूमि में मक्के की फसल लगाई। इस फसल के उत्पादन में खाद, बीज के लिए बहुत ही कम राशि लगने के अलावा पानी की खपत भी न के बराबर हुई। इस तरह से मात्र 11 हजार 800 रुपये की राशि के कुल खर्चे में उसे मक्के की बिक्री 01 लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई। इस तरह से उन्होंने 02 एकड़ में मक्के की खेती कर 88 हजार 200 रुपये की शुद्ध आमदनी प्राप्त की। किसान श्रवण कुमार ने बताया कि ग्रीष्मकालीन धान के बदले मक्के के फसल का उत्पादन करना उनके लिए हर दृष्टि से लाभप्रद एवं अत्यंत कारगर सिद्ध हुआ।

## होटल में छापा, 30 किलो गांजा के साथ बिहार के दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी पुलिस ने सोमवार देर रात को रेलवे स्टेशन स्थित एक होटल में छापा मारकर कमरे से दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 30 किलो 39 ग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी कीमत 5 लाख 47 हजार रुपए आंकी गई है। दोनों तस्कर बिहार के रहने वाले हैं। बताया जा रहा है कि दोनों तस्कर किसी गांजा गिरोह से जुड़े हुए हैं, जिसके बारे में पुलिस पता लगा रही है। फिलहाल इस मामले में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। गंज थाना प्रभारी यशवंत सिंह ने बताया कि 3 जनवरी की रात को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को मुखबिर से सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन रोड स्थित होटल करण के एक कमरे में कुछ गांजा तस्कर ठहरे हुए हैं, उनके पास भारी मात्रा में गांजा भी है। इस सूचना पर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, एंटी क्राइम साइबर एवं गंज थाना की संयुक्त टीम होटल में रात में ही छापा मारा और कमरा नंबर 2 से जुगनू अंसारी 48 वर्ष और मोहम्मद इरफान 32 को गिरफ्तार किया। इनमें जुगनू चक्का अब्दुल गनी थाना समस्तीपुर बिहार एवं इरफान जयसिंग सराय थाना दलसिंग सराय जिला समस्तीपुर बिहार का रहने वाला है।

## सेवानिवृत्त शिक्षक ने दिया न्योता भोज

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड स्थित ग्राम कापसी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक उमराव सिंह आलसरे ने अपनी नातिन के जन्म उत्सव पर कापसी के प्राथमिक शाला के बच्चों को न्योता भोज कराया। न्योता भोज में विभिन्न व्यंजन परोसे गए।



## चैंबर की प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन 5 मार्च को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का त्रैवार्षिक चुनाव 2025 के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज भंसाली ने मंगलवार को अपने सभी निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचन्द गोलछा, बालकृष्ण दानी, रमेश गांधी, महावीर तालेड़ा, अनिल कुचेरिया, संजय देशमुख, संजय जोशी एवं चुनाव कार्यालय प्रभारी एसएम रावते, मुख्य चुनाव नियंत्रक एच.एस.कर की उपस्थिति में चुनाव संबंधी रूपरेखा तैयार की गई। इस बार प्रदेश के चैबर चुनाव में 27, 480 सदस्यों को मतदान की पात्रता होगी। उनके द्वारा 1 प्रदेश अध्यक्ष, 1 प्रदेश महामंत्री, 1 प्रदेश कोषाध्यक्ष, 53 जिला उपाध्यक्ष , 53 जिला मंत्री कुल 109 पदों के लिये मतदान किया जावेगा।

## पेज 11 के शेष

### महिलाओं के नाम ...

प्रदान करेंगे। प्रत्येक नगर निगम में महापौर सम्मान निधि की स्थापना करेंगे, जिसके तहत यूपीएससी मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को 1 लाख की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। प्रत्येक नगर निकाय के व्यावसायिक केन्द्रों में बिजली, सड़क, शौचालय पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था करेंगे। बाजार क्षेत्रों में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट की सुविधाओं का विस्तार करेंगे, ताकि उन्हें साफ, सुरक्षित और सुविधाजनक शौचालय मिल सके। विद्यालयों और महाविद्यालयों में मुफ्त वाई फाई की सुविधा सुनिश्चित करेंगे। स्ट्रीट वेंडर्स के सहयोग के लिए पीएम स्वनिधि के माध्यम से 30,000 की वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे। इसके साथ ही हम स्मार्ट वेंडिंग जोन, फूड स्ट्रीट्स की स्थापना करेंगे और एक समुचित नीति बनाएंगे, जिससे सड़क व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। समाधान योजना के माध्यम से हम बिना जुर्माना या ब्याज लगाए पुराने संपत्ति कर के लिए एकमुश्त निपटान प्रदान करेंगे। विद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्राओं के लिए फ्री सैनिटरी नैपकिन की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।

### महिलाओं पर फोकस, तालाबों में ...

पारदर्शी करते हुए सभी आवासहीनों को पात्रतानुसार मकान दिया जाएगा। प्रत्येक वार्ड में कार्यरत कर्मी की जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाएगी। प्रत्येक निकाय में विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए सर्व सुविधायुक्त निःशुल्क लाईब्रेरी शुरू की जाएगी। नगरीय निकाय द्वारा आमजनों को दशगात्र, बेटी विवाह जैसे अन्य कार्यक्रमों में पानी टैंकर निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। यूजर चार्ज का युक्ति-युक्तकरण किया जाएगा। शहर को धुलमुक्त बनाने आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### कन्या विवाह के लिए ...

लिए धारणा अधिकार दिया जाएगा। सभी को पात्रतानुसार वृद्धा, दिव्यांग एवं निराश्रित लोगों के लिए पेंशन सुविधा सुनिश्चित की जाएगी।

### मेघावी विद्यार्थियों को देंगे ...

प्रत्येक वार्ड में सब्जी बाजार बनाया जाएगा। नगरों को आवारा पशुओं से मुक्ति दिलाया जायेगा।

### शॉर्टसर्किट ...

के बाद कमरे में मौजूद भूसा व लकड़ी को अपनी चपेट में तेजी से लेते हुए अन्य कमरों में फैलने लगी। इस दौरान उस कमरे से गाय व भैंस को परिजनों द्वारा सावधानीपूर्वक बाहर निकाला गया। इससे किसी भी प्रकार की कोई हानि नहीं हुई। वहीं, भूसा व लड़की होने के कारण आग तेजी से फैल रही थी, जिसे फैलने से रोकने के लिए परिजनों के साथ ग्रामीणों ने पानी डालकर बुझाने का प्रयास किया गया। इस बीच फायर ब्रिगेड पहुंचने पर आग पर काबू पाया जा सका।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756 , 9303508130

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट देखे 10 फरवरी के अंक में
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार 1100
नियम व शर्तें लागू*
नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप

### जपं क्षेत्र क्रमांक 3 से कांग्रेस ने घनश्याम को घोषित किया अधिकृत उम्मीदवार

**गुरूर।** जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 03 से कांग्रेस ने ग्राम भिरई निवासी घनश्याम साहू को अपना अधिकृत उम्मीदवार घोषित किया है। अनारक्षित मुक्त इस क्षेत्र में ग्राम भिरई एवं ग्राम देवकोट दो ग्राम पंचायत सम्मिलित हैं।
घनश्याम साहू को कांग्रेस द्वारा जनपद क्षेत्र क्रमांक 03 के लिए अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किये जाने के बाद घनश्याम साहू ने ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तामेश्वर साहू, विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया।

### अनियंत्रित हाईवा पोल से टकराई, बीएसपी कर्मी गंभीर

**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रही अनियंत्रित हाइवा पावर हाउस फ्लाई ओवर से अनियंत्रित होकर बिजली पोल से टकरा गई। इसके बाद एक बाइक सवार हाइवा के चपेट में आ गया। हादसे में भारी भरकम रेत लदा हुआ था। हाइवा का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। हाइवा में सवार चालक व हेल्पर भीतर फंस गए थे। हादसे के बाद मौके पर मौक पर छावनी पुलिस व एसडीआरएफ की टीम पहुंची। दोनों को तीन घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया।

### चावल की तस्करी, राइस मिलर को नोटिस

**दुर्ग।** विगत दिनों करहीडीह में स्थित गुरूदेव राईस मिल में वाहन कमांक सीजी 07 बीई 9873 से खाली किये जा रहे 42 प्लास्टिक कट्टों में भरे हुए 21 क्विं. चावल की आकस्मिक जांच की गई है। जांच में उक्त चावल में एफआरके चावल पाए जाने पर राईस मिलर सहित वाहन चालक को नोटिस जारी किया गया हैं। खाद्य नियंत्रक टीएस अत्री ने अवगत कराया कि, 15 दिसंबर 2024 को क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक के द्वारा करहीडीह में स्थित गुरूदेव राईस मिल में वाहन कमांक सीजी 07 बीई 9873 से खाली किये जा रहे 42 प्लास्टिक कट्टों में भरे हुए 21 क्विं. चावल की आकस्मिक जांच की गई है।

---

**कार्रवाई : बालोद थाना और साइबर सेल पुलिस ने म्यूल एकाउंट खाताधारकों पर की कार्रवाई**

# आनलाइन ठगी की रकम पाने किराए पर दिया खाता, 9 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

चंद पैसों के लिए बैंक खाता, एटीएम, सिम उपलब्ध कराने वालों लोगों पर बालोद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। म्यूल बैंक खाता धारक के साथ संवर्धक, ब्रोकर के विरूद्ध कार्रवाई की गई। प्रकरण में संलिप्त 09 आरोपियों को बालोद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना बालोद और साइबर सेल बालोद द्वारा संयुक्त रूप से की गई है।

थाना क्षेत्र में आनलाईन माध्यम से लोगों से ठगी करने वालों पर सतत नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल के माध्यम से थाना बालोद क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र बालोद शाखा के म्यूल एकांउट खाता धारकों का अवलोकन किया गया। इस दौरान पाया गया कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र आईएफसी कोड एमएएस 002398 में कुल 10 बैंक ऑफ महाराष्ट्र खाता धारकों के एकाउंट में देश के अलग-अलग राज्यों में हुए अनेक लोगों से हुई ठगी के अलग-अलग कुल रकम करीब 3,19,145 रूपये को 10 खातों में प्राप्त किया गया है। माना जा रहा है कि यह सायबर फ्राड की राशि है।



**थाने बुलाकर की गई पूछताछ**

विवेचना दौरान बैंक ऑफ महाराष्ट्र बैंक के खाताधारकों को नोटिस जारी कर थाना बुलाकर पूछताछ की गई। इस दौरान आरोपियों ने देश के अलग-अलग हिस्सों से साइबर ठगी की राशि को अपने एकाउंट में लेना स्वीकार किया। इस पर बैंक खाता को किराये पर देने एवं किराये पर लेने वाले पर कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार अब तक 3,19,145 रूपए के ट्रांजेक्शन की डिटेल प्राप्त की गई है। अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है, एवं अन्य म्यूल खाता धारकों के सबंध में जानकारी प्राप्त हुई है, जिस पर कार्रवाई की जानी है।

### इन खातों के संबंध में कई राज्यों से की गई है आनलाईन शिकायत

पुलिस ने बताया कि उपरोक्त कुल 10 बैंकखातों में अवैध धन लाभ अर्जित करने के लिए बैंक खातों का इस्तेमाल कर रकम प्राप्त करना पाया गया। उन खातों में आनलाईन ठगी की रकम प्राप्त हुई है। इन खातों के संबंध में दिगर राज्यों से आनलाईन शिकायत पंजीबद्ध होना पाया गया है। संदिग्ध उक्त कुल 10 बैंक खातों का उपयोग आनलाईन ठगी की रकम प्राप्त करने में होने व अवैध धन लाभ अर्जित करने के लिए उपयोग में लिया जाना प्रतीत हुआ। कई खाते, जिनमें साईबर फ्राड के पैसे एक से अधिक बार जमा हुए हैं। उपरोक्त सभी खाता धारकों द्वारा आपराधिक षडयंत्र कर साईबर फ्राड कर अवैध धन अर्जित करना पाये जाने से उपरोक्त बैंक ऑफ महाराष्ट्र के सभी 10 म्यूल बैंक खाताधारकों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 317(2), 317(4), 318(4), 61(2), (ए), 111 बीएनएस 2023 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### इन पर हुई कार्रवाई

इन खाताधारकों में ग्राम हीरापुर थाना बालोद निवासी उमेश कुमार निषाद पिता संतराम 28 वर्ष, ग्राम तरौद थाना व जिला बालोद निवासी अभिषेक चौरे पिता अशोक चौरे 21 वर्ष, ग्राम हर्राठेमा थाना व जिला बालोद निवासी जितेन्द्र कुमार पिता शान्ता राम गावडे 24 वर्ष, जवाहरपारा बालोद वार्ड क्र 11 थाना व जिला बालोद निवासी खिलेन्द्र रायपुरिया पिता राम सेवक रायपुरिया 25 वर्ष सम्मिलित है। खाता उपलब्ध कराने वाले संवर्धक/ब्रोकर में संजय नगर दशहरा तालाब के पास बालोद थाना व जिला बालोद निवासी नारायण सोलवंशी उर्फ बबलु पिता भुखऊ राम 37 वर्ष, वार्ड क्र. 69 इन्द्रप्रस्त कालोनी रायपुरा थाना डीडी नगर रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) निवासी उत्कर्ष गुप्ता पिता हरशंद गुप्ता 38 वर्ष, साकिन नवापारा राजिम जिला रायपुर(छ.ग.) निवासी करण यादव पिता अशोक यादव 25 वर्ष, नवापारा राजिम जिला रायपुर(छ.ग.) निवासी हिमांशु ईसरानी पिता गोविंद ईसरानी 26 वर्ष, साकिन कुलेश्वर मेडिकल के सामने रायपुर रोड राजिम जिला गरियाबंद निवासी अजमल रजा उर्फ बाबर पिता गुलाम मोहम्मद 27 वर्ष सम्मिलित है।

---

## कांग्रेस ने जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 16 की अधिकृत प्रत्याशी को बदला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

जनपद पंचायत चुनाव सदस्य चुनाव के लिए क्षेत्र क्रमांक 16 के लिए कांग्रेस ने अपना अधिकृत प्रत्याशी को बदल दिया है। क्षेत्र क्रमांक 16 के लिए कांग्रेस ने ग्राम बागतराई निवासी लीना तारम को अधिकृत किया है। भाजपा ने क्षेत्र क्रमांक 16 से पूर्व में जनपद सदस्य रही सुनीता तिवारी को अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस द्वारा पूर्व में जारी अधिकृत प्रत्याशियों की सूची में ग्राम चंदनबिरही के वर्तमान सरपंच की पत्नी का नाम था, लेकिन अंतिम समय में अचानक इसमें संशोधन करते हुए ग्राम बागतराई की लीना तारम को अधिकृत प्रत्याशी घोषित करते हुए ब्लाक कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं से लीना तारम के पक्ष में कार्य करते हुए उसे विजयी बनाने के लिए कार्य करने कहा है। जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 16 अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित है। इसमें ग्राम पंचायत चिटौद, बागतराई एवं चंदनबिरही तीन ग्राम पंचायतें आती हैं। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत चंदनबिरही के वर्तमान सरपंच की पत्नी का नाम अधिकृत रूप से घोषित होने के बाद कार्यकर्ताओं में लगातार इसका विरोध हो रहा था। कार्यकर्ताओं की मांग पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने अंतिम क्षणों में अपने अधिकृत प्रत्याशी बदलकर लीना तारम के नाम की घोषणा कर दी। बता दें कि लीना तारम ने तीनों ग्रामों के कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन दाखिल किया था।



## गायत्री शक्तिपीठ गुरुर में नारी सशक्तिकरण पर हुई कार्यशाला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

बसंत पंचमी के पावन अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ गुरुर में जिला स्तरीय एक दिवसीय नारी सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाजसेवी निधि टुवानी थीं, अध्यक्षता गायत्री परिवार जिला समन्वयक विशाल सिंह अठनागर ने किया।

विशेष अतिथि ब्लॉक समन्वयक गायत्री परिवार ब्लॉक गुरुर धनसिंह गंजीर थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नारी जागरण प्रांतीय संयोजक डॉक्टर कुंती साहू ने कहा कि मातृ सत्ता में हम बहनों की क्या भूमिका होनी चाहिए, हम सभी बहनों को कमर कसकर तैयार होने की आवश्यकता है। संगठन में रहकर ही हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। नारी जागरण दुर्ग जिला संयोजक शांता दीदी ने संगठन के मूल आधार के संबंध में जानकारी दी। भोजन अवकाश के बाद व्यक्तिगत और सामूहिक दोनों प्रकार के संकल्प पत्र बहनों से भरवाए गए। उसके बाद शांति पाठ हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्लेखा साहू, रेणुका गंजीर, तुलसी साहू, रेखा साहू, अनुसूईया साहू, शोभना देशमुख, सावित्री कंवर, अर्चना देशमुख, सावित्री सोनी, कांति साव, हेमवती सिहारे, शीला साहू, भुनेश्वरी साहू, मिलापा साहू व बहनों का विशेष सहयोग रहा।

---

# किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल लेने के लिए प्रोत्साहित करें : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसलों को प्रोत्साहित करने एवं फसलों की बिक्री के लिए मार्केटिंग व्यवस्था तथा किसानों को उनके उत्पाद के वाजिब दाम दिलाने के उपायों के संबंध में संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में बैठक लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

कलेक्टर चन्द्रवाल ने बैठक में उपस्थित कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कृषि उत्पाद समूह के प्रतिनिधियों के साथ ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसलों की बिक्री के लिए मार्केटिंग व्यवस्था एवं किसानों को उनके उत्पादों के वाजिब दाम दिलाने के उपायों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। बैठक में चन्द्रवाल ने ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसलों की आसानी से बिक्री सुनिश्चित कराने अधिकारियों को इसके लिए मार्केटिंग प्लान बनाने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने फसलों के सुरक्षित रखरखाव के लिए कोल्ड स्टोरेज बनाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को इस कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु किसानों को वित्तीय सहायता एवं उन्हें तकनीकी रूप से प्रशिक्षित कर हर तरह से प्रशासनिक सहयोग प्रदान करने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में चन्द्रवाल ने विकासखण्डवार किसानों को धान के बदले अन्य फसलों के उत्पादन हेतु अपने–अपने विकासखण्डों में आयोजित किए गए कृषक जन चौपाल के आयोजन के संबंध में भी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने प्रत्येक विकासखण्डों में ग्रीष्कालीन धान के बदले अन्य फसल लेने हेतु इच्छुक किसानों की कुल संख्या, कुल बोनी रकबा आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा विकासखण्डवार ग्रीष्कालीन धान के बदले अन्य फसल लेने हेतु इच्छुक किसानों की कुल संख्या एवं धान और अन्य फसलों की कुल बोनी रकबा के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में अधिकारियों ने रबी सीजन के अंतर्गत लगाए गए फसलों की फसलवार क्षेत्राच्छादन एवं कुल रकबे आदि की भी जानकारी दी।

बैठक में अधिकारियों ने पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपने–अपने विकासखण्डों में पानी की बचत के उपाय सुनिश्चित करने के लिए किसानों द्वारा अपने–अपने गांवों में ग्रीष्कालीन धान के बदले अन्य फसल लेने के अलावा अन्य उपायों के संबंध में भी जानकारी दी। कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित कृषि उत्पाद समूह के सदस्यों से भी किसानों की उत्पादों की समुचित बिक्री एवं उनका उचित दाम दिलाने के उपायों के संबंध में चर्चा की।

## सशिमं जगन्नाथपुर में बसंत पंचमी पर हुईं विविध स्पर्धाएं

- विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति देकर मोहा मन

**लाटाबोड़।** बालोद ब्लाक के ग्राम जगन्नाथपुर में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मातृ संगोष्ठी, सम्मेलन, बसंत पंचमी और वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, वहीं माताओं के लिए विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

प्रतियोगिता के अंतर्गत पारंपरिक गीत में सुंदरा की मंजूलता देशमुख प्रथम और जानकी बाई द्वितीय स्थान पर रहीं। इसी तरह इशारों से समझना प्रतियोगिता में गीतेश्वरी, रेखा प्रथम और लाकेश्वरी व सरस्वती द्वितीय स्थान पर रहीं। भजन प्रतियोगिता में कांतिबाई प्रथम, जानकी बाई द्वितीय, जलेबी दौड़ में प्रथम रेखा और द्वितीय अनीता साहू, मटका दौड़ में प्रथम वर्षा ठाकुर और द्वितीय स्थान गीतेश्वरी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शिक्षिका ललिता सोरी, विशेष अतिथि संगीता सिंह, कल्पना बेनीराम साहू, प्रभु राम साहू, सेवानिवृत शिक्षक सीआर साहू, राधेश्याम साहू, अनीता साहू, प्रीतमा चतुर्वेदी, कुमारी बाई, कमलेश्वरी चूरेंद्र, कोमल प्रसाद देशमुख मौजूद रहे। आयोजन में प्रधानाचार्य ताराचंद साहू सहित समस्त स्टाफ का योगदान रहा।



## शासकीय विद्यालय विनायकपुर में श्रद्धा से मनाई गई बसंत पंचमी



**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में बसंत पंचमी श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद लिया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान शाला के प्रधानाचार्य मंजित सिंह राजपूत ने बच्चों को बसंत पंचमी की जानकारी देते हुए इसका महत्व बताया। कार्यक्रम में शाला परिवार से भातेन्द्र गंगराले, सरस्वती उमरे, रोहित देशमुख, देवश्री साहू, पूर्णिमा कोशले, ममता तिवारी, मालती साहू, उषा ठाकुर, लीना जोशी, मीनाक्षी नेताम, प्रेमलता योगी, गुलशन चंद्राकर, दीपमाला यादव, तरुण साहू उपस्थित थे।

---

**ग्राम गब्दी में जारी श्रीमद् भागवत कथा में बताया गया कन्यादान का महत्व**

# स्त्री, बेटी का सदैव सम्मान करें, जिससे घर में सदैव लक्ष्मी रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

ग्राम गब्दी भाठापारा में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक सुनाई जा रही है। श्रीमद्भागवत महापुराण में कथावाचक पंडित चन्द्रप्रकाश दुबे ने कहा कि व्यक्ति का काम, क्रोध, लोभ, अंहकार से पतन निश्चित है।

भगवान श्री कृष्ण ने दुष्ट कंस, दैत्य सुर, जरासंध का वध किया। वहीं, रुखमणी विवाह का प्रसंग सुनाते कन्यादान का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि कन्यादान से एक हजार अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है। उन्होंने कहा कि जब सौभाग्य का उदय हो तब बेटी घर में आती है। उन्होंने कहा कि स्त्री, बेटी का सदैव सम्मान करें, जिससे घर में सदैव लक्ष्मी रहेगी। रुखमणी विवाह में ग्रामीणों व यजमान परिवार ने मंगल आरती कर दान किया। इस अवसर पर आयोजन प्रमुख भिखारी राम सिन्हा व धर्मपत्नी अमृत बाई सहित पूरे परिवार व ग्रामीण उपस्थित थे। 6 फरवरी को सुदामा चरित्र कथा होगी।



### गुरु के बिना भगवान की प्राप्ति नहीं हो सकती : पं दीपक

- धनोरा में हनुमंत कथा एवं शत चंडी यज्ञ जारी

**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा श्री हनुमंत कथा एवं शत चंडी यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत दूसरे दिन पंडित दीपक पाण्डेय ने कहा कि गुण मिले तो गुरु बनाओ, चित मिले तो चेला, मन मिले तो मित्र बनाओ वर्ना रहो अकेला। उन्होंने कहा कि भगवान हनुमान जी गुरु स्वरूप हैं।

हनुमान जी की कृपा से ही सुग्रीव को भगवान की प्राप्ति हुई। पंडित दीपक ने कहा कि यह कथा बताती है कि गुरु के बिना भगवान की प्राप्ति नहीं हो सकती। गुरु रुप में हनुमान जी ने ही तुलसी दास जी को चित्रकूट में श्री राम जी का दर्शन कराया था। उन्होंने कहा कि गुरु कमल के समान होते हैं, जो संसार में रहते हुए भी संसार से ऊपर होते हैं जैसे कमल जल मे रहते हुए भी जल से उपर रहते हैं। उन्होंने कहा कि हनुमान जी की कथा से गुरु के साथ-साथ एक आदर्श सेवक और भक्त का उदाहरण भी दिखाई पड़ता है।



